समाचार
विधायक मद से बनेगा केंवट समाज का सामुदायिक भवन
(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया कार्य का भूमिपूजन)

कोरबा 09 मार्च 2019 –बुधवारी स्थित आदिवासी बालक छात्रावास के समीप स्थित विरांगना माता बिलासा देवी केंवट सांस्कृतिक मंच के पास विधायक मंद से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त कार्य का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्ड क 25 बुधवारी स्थित आदिवासी बालक छात्रावास के समीप स्थित विरांगना माता बिलासा देवी केंवट सांस्कृतिक मंच के पास प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मंद से 5 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त कार्य का भूमिपूजन किया तथा कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने गुहा केंवट समाज के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सामुदायिक भवन के बनने से किसी भी आयोजन के करने में जो कठिनाई आती थी, उससे निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा निरंतर विकास कार्यों का संपादन कराया जा रहा है तथा कार्यों के सम्पादन में यह विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि इन कार्यों से लोगों की आवश्यकताएं पुरी हों। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि मेरा सदैव प्रयास रहा है कि नागरिकों को मूलभुत सुविधाएं सरलता के साथ प्राप्त हो। उन्हें इन सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े इसी बात को ध्यान में रखकर विगत 4 वर्षों के दौरान व्यापक रूप से विकास कार्य कराये गये हैं जो आगे भी जारी रहेंगे।

इस अवसर पर पूर्व सभापति संतोष राठौर, महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री संगीता सक्सेना, गुहा केंवट समाज के संरक्षक हरिश चंद्र निषाद, आनंद राम केंवट, अमर नाथ कैवर्त, डॉ. राम कुमार निषाद, दिनेश केंवट,

डॉ.सुंदर लाल केंवट, कमल कुमार कैवर्त, तुलसी केंवट, कार्तिक राम कैवर्त, बालकृष्ण, बोधराम, रामेश्वर, संतोष कैवर्त, राम कुमार केंवट, गोमती राजवाड़े, गौरी राठौर, लता कैवर्त आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।